तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 आजीविका मिशन महिला लखपति पहल की...





12 राष्ट्रीय किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी के लिए 40...









## खबर संक्षेप

### सेक्टर स्तरीय कबड्डी आज

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कबड्डी पुरुष वर्ग एक दिवासीय प्रतियोगिता 26 अक्टूबर शनिवार को कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोदल में आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढाई ने बताया कि सेक्टर स्तरीय कबड्डी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में सेक्टर के अंतर्गत लगभग 20 महाविद्यालय के प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ी भाग लेंगे।

### संस्कृति डीजे डांस प्रतियोगिता 2 से

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत 2 नवंबर को पेंड्रावन चिहरीपारा में गौरी गौरा राज्य स्तरीय संस्कृति डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आयोजित प्रतियोगता में समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6000 रुपएं, द्वितीय पुरस्कार 4000 रुपएं, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपएं, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000 रुपएं, द्वितीय पुरस्कार 2000 रुपएं, तृतीय पुरस्कार 1500 रुपएं और एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2000 रुपएं, द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपएं और तृतीय पुरस्कार 1000 रुपएं का ईनाम रखा गया है।

विरोध : जनदर्शन में शिकायत के बाद हुआ ट्रांसफर पर कुछ दिन बाद आदेश निरस्त करने पर ग्रामीणों ने आक्रोश

# चबेला पंचायत सचिव को हटाने की मांग ग्रामीणों ने की नारेबाजी एवं चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- सचिव को हटाने की मांग पर गांव दो गुटों में बंटा, प्रशासन ने दोनों पक्षों की कराई बैठक
- विवाद के चलते दो माह से पंचायत का काम-काज ठप

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत चबेला की सचिव निधि राजपूत की ग्रामीणों ने जनदर्शन में शिकायत किया था और शिकायत के बाद उसे हटाया गया था, परंतु कुछ दिन बाद स्थांतरण आदेश को निरस्त हो गया। ग्रामीणों ने अब चक्काजाम कर दिया है, चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों को अधिकारियों ने बैठक लिया और समझाईश दिया, परंतु ग्रामीणों की एक ही निर्णय है कि पंचायत सचिव को हटाया जाएं, तभी गाँव में शांति मिलेगी। इसके अलावा गांव की कई महिलाएं सचिव के पक्ष में भी है। इससे यह लग रहा है कि सचिव को लेकर गाँव दो गुट में बंट गया है।

जानकारी के अनुसार एक से दो माह पूर्व चबेला के ग्रामीणों ने शिकायत किया था कि ग्राम पंचायत चबेला में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के लिए पैसा माँगा जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने एक टीम गठित कर शिकायत की जाँच करवाया गया और जाँच में पुष्टि हुई कि जियो टेग करने वाले एक कर्मी के द्वारा पैसे लेने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उस कर्मी को बर्खास्त कर दिया गया। ग्रामीणों के एक गुट का कहना था कि इस मामले में सचिव की भी संलिप्ता है और जनदर्शन में हटाने की माँग किया गया था। ग्रामीणों के विरोध के चलते जिला पंचायत ने ▶▶|शेष पेज 10 पर





### ग्रामीणों ने दिया था अल्टीमेटम

*ग्रामीणों ने सचिव को हटाने को लेकर प्रशासन को पत्र दिया था, इसके अलावा चबेला ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर पुलिस को पत्र देकर कहा था कि अगर ग्राम पंचायत सचिव को चबेला से नही हटाया गया, तो कल चक्का जाम करेंगे। अंततः ग्रामीणों के पत्र को जिम्मेदारों ने गंभीरता से नहीं लिया और अंततः ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।*

### सरपंच व सचिव की कोई गलती नहीं

*ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसा लेने के मामले में दोषी कर्मचारी पर प्रशासन ने कार्यवाही कर दिया है। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ने ऐसा कुछ भी नहीं किया है। ग्रामीणों के कार्य भी समय पर हो रहे है, इसलिए सचिव का स्थांतरण नही किया जाना चाहिए।*

### प्रशासन ने दोनो पक्षों की कराई बैठक

*पंचायत सचिव को हटाने की मांग कर रहे ग्रामीणों एवं सरपंच सहित महिलाओं के बीच मध्यस्थता को लेकर आज तहसील कार्यालय में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा एवं थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख की उपस्थिति में बैठक हुई, लेकिन फिलहाल के लिए नतीजा कुछ नही निकला। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुए चबेला ग्राम पंचायत से हटाने की माँग पर अंत तक डटे रहे।*

# जमीन विवाद पर बहू की पिटाई, बड़ेपापा के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



*जमीन को बेचने की बात को लेकर आरोपी ने अपनी बहू को गाली देते हुए हाथ मुक्का व पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला ने घटना की जानकरी अपने बेटे को दिया, जिसके बाद महिला के बेटे ने कोरर थाना में मारपीट करने अपने बड़े पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे कन्हारपुरी निवासी 23 वर्षीय लालचंद नाग पिता गजानंद ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े पापा का खेत हमारे खेत के आसपास लगा हुआ है। मेरी माँ सतरूपा बाई नाग 21 अक्टूबर को खेत में काम करने गई थी और खेत में काम कर रही थी। उसी समय मेरे बड़े पापा कार्तिक नाग भी खेत तरफ काम करने आएं थे और उसके बाद मेरे बड़े पापा द्वारा मेरी मां को जमीन को बेच दिए हो कहते हुए, गाली देने लगा। मां ने गाली देने से मना किया तो आरोपी बड़े पापा द्वारा खेत की मेड़ में रखे पत्थर व हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरी मां के सिर और पैर में चोट आया है। जमीन को लेकर मेरे बड़े पापा विवाद करते रहते थे और अब उनके द्वारा मेरी माँ के साथ मारपीट किया गया है। मारपीट के बाद मेरी माँ ने मुझे पूरी घटना के बारे में बताया। पीड़िता के बेटे की शिकायत पर कोरर पुलिस ने आरोपी शिकायतकर्ता के बड़े पापा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।*

# नाकाबपोश ने दुकान के सामने से दुपहिया चुराया आरोपी कैमरे में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के नया बस स्टैण्ड कन्या स्कूल के पास फैंसी दुकान के सामने से नकाबपोश चोर ने दो पहिया वाहन को लेकर रफू चक्कर हो गया। दुकानदार रोज की तरह अपने दो पहिया वाहन में सवार होकर दुकान आया था और वाहन को दुकान के बाहर खड़ी कर दुकान में चला गया। रात को चोर दुकानदार के वाहन की चोरी करके रफू चक्कर हो गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे अघन नगर निवासी 45 वर्षीय विजय साहू पिता सोनउ राम साहू ने पुलिस को बताया कि नया बस स्टैड कन्या स्कूल के सामने मेरा फैंसी सामान की दुकान है। मैं घर से अपने दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 05 एएम 8113 से दुकान आया था और दुकान के सामने दो पहिया वाहन को रख दिया था। मैं दुकान कार्य में व्यस्त हो गया और रात करीबन साढ़े 10 बजे दुकान के अंदर काम कर रहा था और घर जाने के लिए रात के 11 बजे दुकान के बाहर निकला तो देखा कि मैंने जहाँ पर दो पहिया वाहन को रखा था, वहाँ पर दो पहिया वाहन नहीं था। मैने दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में देखा तो एक युवक नकाबपोश वाहन को लेकर गया है। मैने घटना की जानकारी पुलिस को दिया और पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर सीसीटीव्ही ▶▶|शेष पेज 10 पर

# होटल और मिष्ठान भंडारों में दी दबिश नमूने कलेक्ट, एक्सपायरी खाद्य जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- त्योहारी सीजन पर संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में की कार्रवाई
- डेयरी से दूध, भोजनालय एवं रेस्टारेंट से खोवा, होटल से पनीर रेस्टारेंट से दही एवं मिष्ठान भंडार के पेड़ों की जांच की
- 30 हजार रुपए की एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त

त्योहारी सीजन को देखते हुए मिठाई की अधिक मांग पर दुकानदारों द्वारा मिलावट करने की आशंका पर जिले की कई दुकानों की खाद्य सामग्री और मिठाई की जांच कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी अशोक कुमार मार्बल के मार्गदर्शन में खाद्य की टीम के द्वारा किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह, खाद्य निरीक्षक अमित कश्यप, उमेश कुमार सिन्हा, शैलेन्द्र ध्रुव, मापतौल निरीक्षक अंजना बड़ा की संयुक्त टीम द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत संचालित होटल, रेस्टारेंट में दीपावली त्यौहार को निम्न गुणवत्ता का मिठाई , खाद्यान्न सामग्री विकय एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग किए जाने के संबंध में संयुक्त टीम के चारामा में यादव दुध डेयरी से दूध, राजा भोजनालय एवं रेस्टारेंट से खोवा, सुरेश होटल से पनीर एवं कुन्दा, दुर्गेश रेस्टारेंट से दही एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार खोवा पेड़ा, भानुप्रतापपुर में दुर्गा होटल से स्ट्राबेरी स्वीट्स, जैन मिष्ठान से खजूर रोल, गोपाल स्वीट्स से कलाकंद गुलशन होटल से मिल्क बर्फी के नमूना जांच के लिए लिया गया, साथ ही माजीसा किराना स्टोर भानुप्रतापपुर से निलांस सेवाइया लाल गुलाब सरसों तेल, मैगी मसाला आचार एवं अन्य सामग्री 5576 रुपएं, ▶▶|शेष पेज 10 पर



# लघु वनोपज संघ ने दो सूत्रीय मांग पर धरना-प्रदर्शन करते हुए की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छग राज्य लघु वनोपज फड़ मुंशी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय में कलेक्टोरेट मार्ग पर शीतला मंदिर के पास अपनी मांगो को लेकर 25 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन किया। भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी के अनुसार छग तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को 25 हजार रूपएं प्रति वर्ष मानदेय की राशि भुगतान करने के संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिला मुख्यालय में 25 अक्टूबर को धरने पर बैठे प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों ललित उईके, राजकुमार कांगे, भीमचंद, रेवती रमन गोटा, राजकुमार पटेल, यशवंत सिंहा, रोहिदास, आत्माराम कुंजाम, जागेश्वर सिंहा का कहना है कि चुनावी वर्ष 2023 में तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रूपएं वार्षिक मानदेय देना भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल है। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उसे नौ माह में पूरा नहीं किया गया है। धरने पर बैठे पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर आएं थे और उसे दिखा रहे थे, उनका कहना है कि सरकार को ध्यानाकर्षण में लाने के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है। सरकार को अपने किए वादे को वैसा ही पूरा करना चाहिए, जिस प्रकार से महतारी वंदन के लिए पूरा किया है।

धरने पर प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि ज्ञापन के माध्यम से प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत समस्त तेंदुपत्ता फड़ मुशियों की माँग है कि तेंदुपत्ता फड़ मुशियों को 25 हजार रूपएं मानदेय की राशि तत्काल भुगतान किया जाए, इसके साथ ही प्रतिवर्ष फड़ मुंशियों की नियुक्ति जो किया जाता है, उसे भी तत्काल बंद किया जाए। माँगो के पूरा नहीं होने पर आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।



राज्य स्तर पर 91.1 व जिला स्तर पर 89.7 प्रतिशत अंक मिले

# राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम में कांकेर जिला राज्य में दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मूल्यांकन एनएचएसएचआरसी द्वारा नामांकित टीम ने किया

राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम अन्तर्गत विकासखंड चारामा के आरोग्य मंदिर तेलगरा का राष्ट्रीय मूल्यांकन किया गया, साथ ही जिले की गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम की आई रिपोर्ट की मानें तो कांकेर जिला राज्य में दूसरे स्थान पर है।

जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को चारामा विकासखण्ड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेलगरा का राष्ट्रीय मूल्यांकन एनएचएसएचआरसी द्वारा नामांकित दो सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया। मूल्यांकन के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त कर्मचारी का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसकी मूल्यांकन टीम द्वारा भी सराहना की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम में स्वास्थ्य केन्द्रों का 03 स्तर पर मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेलगरा को राज्य स्तरीय मूल्यांकन में 91.1 प्रतिशत एवं जिला स्तरीय मूल्यांकन में 89.7 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था। राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक अन्तर्गत 08 क्षेत्रों के अनुसार चेक लिस्ट के द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन सफलतापूर्वक ▶▶|शेष पेज 10 पर




**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी
संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय
मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल
मो. 9407909500

## खबर संक्षेप



### आदिवासी समाज के सामाजिक भवन का किया गया भूमिपूजन

**केशकाल।** आदिवासी समाज के सामाजिक भवन का भूमि पूजन आज किया गया। देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव के कर ने भूमिपूजन किया। श्री मतलाम ग्राम के युवा और युवतियों से श्रम दान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज भवन बड़ा बन सके और सभी वर्गों के उपयोग में आ सके। समाज प्रमुख के उपस्थिति में पूजा अचना कर भूमि पूजन हुआ। इस दौरान सारिदा नाग सरपंच खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, नीरा ध्रुव जपं सदस्य काशी राम सलाम समाज प्रमुख राय सिंह नेताम, प्रेम सागर नाग चिंता नेताम पूर्व सरपंच चिंता पटेल विष्णु गावरे रामेश्वर ध्रुव सहदेव मरकाम ग्राम के गायता पुजारी मांझी व सैकड़ों में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पेड़ से टकराई बाइक, चालक ने मौके पर ही तोड़ दिया दम



**फरसगांव।** ब्लाक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के लाटापारा में शकुवार को सड़क हादसे में एक बाइक चालक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। जानकारी अनुसार बड़ेडोंगर लाटापारा निवासी तेजलाल नेताम पिता बलराम नेताम उम्र 22 वर्ष शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी बाइक में सवार होकर खेत से घर जा रहा। इस दौरान लाटापारा में पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरस्त थी कि उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर सूचना पर बड़ेडोंगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा किया। जांच पंचनामा के बाद शव का फरसगांव के चीरघर में पोस्टमार्टम किया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है ।

### शिक्षकों की पदोन्नति काउंसिलिंग 28 व 29 को

**कांकेर।** जिला शिक्षा कार्यालय कांकेर में टी संवर्ग अंतर्गत कार्यरत सहायक शिक्षक संवर्ग से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति के लिए पात्र पाए गए सहायक शिक्षकों की पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि काउंसिलिंग का आयोजन आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में किया जाएगा। 28 अक्टूबर को दिव्यांग महिला एवं पुरूष शिक्षक तथा समस्त महिला शिक्षकों की काउंसिलिंग की जाएगी, जबकि 29 अक्टूबर को समस्त पुरूष वर्ग के शिक्षकों की काउंसिलिंग की जाएगी। पदोन्नति के लिए चयनित सहायक शिक्षकों की सूची जिला शिक्षा कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अवलोकनार्थ चस्पा की गई है।

### सनातनी हिंदू समाज की बैठक आज

**जगदलपुर।** डॉ.पाल दिनाकरण की होने वाले धर्मसभा का विरोध करने सनातनी हिन्दुओं की बैठक 26 अक्टूबर को सीताराम शिवालय में सुबह 11 बजे रखी गई है। बताया गया कि 8, 9, 10 नवंबर को मसीही समाज की धर्म सभा शहर में होना है। दशरथ कश्यप, रवि ब्रह्मचारी, शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, योगेन्द्र कौशिक व राजाराम तोड़ेम ने संयुक्त बयान में कहा कि इस कार्यक्रम को रद्द कराना है। इसके लिए हिन्दू समाज को एक होकर पुरजोर विरोध करना होगा।

लंबित अपराधों के निराकरण व बेहतर पुलिसिंग के लिए ली क्राइम मीटिंग

# विजिबल पुलिसिंग के साथ शाम और रात का करें पेट्रोलिंगः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



एसपी वाय अक्षय कुमार ने शुक्रवार को लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल, अपराधों की रोकथाम तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए मीटिंग हाल में समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों की केस डायरी का स्वयं अवलोकन किया गया। लंबित प्रकरणों को पूर्ण कर शीघ्र निकाल के लिए दिशा निर्देश दिए गए। ऐसे अपराध जो लंबे समय से लंबित है। उनके निकाल के लिए विशेष अभियान चलाने तथा मिटिंग के दौरान लंबित समंस वारंट की तामिली शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिया गया। एसपी ने कहा कि थानों में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से मित्रवत व्यवहा करें। उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने निर्देश दिए। जनता व पुलिस के मध्य मधुर संबंध स्थापित करने के लिए गांव–गांव जाकर चलित थाना लगाया जाए। सामुदायिक पुलिसिंग, सायबर क्राइम, एटीएम एवं बैंक फ्राड, महिला एवं बालिका सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन कराने बाबत जागरुकता अभियान सभी थाना क्षेत्रों मेंचलाने के निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने एवं उन पर कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने व त्योहारों के दौरान चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश दिए गए।

■ थाने में आए फरियादियों की सुनें, गांवों में लगाएं चलित थाना

### ये रहे उपस्थित

क्राइम मिटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन रूपेश कुमार डाण्डे, सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# 29 प्रतिष्ठानों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने 126 नमूनों की जांच की और भेजे प्रयोगशाला

## रोकथामः त्योहारों को देखते हुए मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



### बाहर से आए पनीर की होगी जांच, भेजा रायपुर

24 अक्टूबर को कोण्डागांव में बस के माध्यम से बाहर से आने वाले पनीर का भी नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। साथ ही केशकाल के बीकानेरी फास्ट फूड एवं स्वीट्स से भी मिल्क केक और गुलाब जामुन का नमूना लेने की कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व कोण्डागांव के विश्वास डेयरी, मिष्टी संजीव, रॉयल स्वीट्स एण्ड बेकरी, फरसगांव के अमृतसागर स्वीट्स, माकडी के राधे बीकानेर स्वीट्स से भी मिठाइयों के नमूने लिया गया है। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

त्यौहारों के नजदीक आते ही मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है। खपत को पूरा करने के लिए विक्रेताओं द्वारा अधिक से अधिक मिठाई बनाने व विक्रय करने गुणवत्ता के साथ लापरवाही की जाती है। इसके साथ ही बाहर से दूध व खोवा भी मंगाया जाता है, जिसमें मिलावट होने की आशंका होती है। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिठाई दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर मिठाइयों और अन्य खाद्य सामाग्रियों की जांच की गई। जिसमें 23 अक्टूबर को करीब 15 प्रतिष्ठानों से 65 नमूनों की जांच की गई। इसके साथ ही दूसरे दिन 24 अक्टूबर को करीब 14 प्रतिष्ठानों से 61 नमूनों की जांच की गई है। फिलहाल कहीं भी मिलावट का प्रकरण सामने नहीं आया है। परंतु अन्य पैमानों पर मिठाई की गुणवत्ता जांचने के लिए जिले के अलग अलग स्थानों से दूध, खोवा, बेसन, मैदा आदि से बनी मिठाइयों के नमूने लकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं।

■ मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की जा रही, नमूने भेजे जा रहे प्रयोगशाला

# फरार अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर को फरसगांव पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव



थाना पुलिस ने फरार अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर को पकड़ने ने सफलता हासिल की है। आरोपी अवैध गांजा का सप्लायर था। पुलिस ने उसके पास से गांजा बिक्री का रकम 3 हजार रुपए व मोबाइल बरामद किया है। थाना फरसगावं के अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 20 (बी) ए न डी पी ए स एक्ट में 26 मई आरोपी सतीशचंद्र प्रजापति पिता प्रेमपाल सिंह प्रजापति उम्र 26 साल निवासी कोण्डरा जिला हाथरस उत्तरप्रदेश एवं शुभम सिंह पटेल पिता स्वः गया प्रसाद पटेल उम्र 26 साल निवासी लबेद, जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश द्वारा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 9732 में अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 क्विंटल 10 किलो को परिवहन करते पाये जाने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया था। प्रकरण में जब्त ट्रक का वाहन स्वामी परमेश्वर खीला घटना दिनांक से फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान वाहन स्वामी को पता तलाश जारी रखी। उक्त ट्रक के स्वामी परमेश्वर खीला निवासी डोरागुड़ा पालम जिला मलकानगिरी ओडिशा जो अर्तर्राजीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार पूछताछ में अपने ट्रक मेंगांजा भर कर अवैध धंधा करना स्वीकार किया।

बिक्री किए गए गांजे की रकम को

■ गांजा बिक्री की रकम 3 हजार रुपए व मोबाइल बरामद

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि सुरेन्द्र बघेल, पिताबर कठार, आरक्षक फरसुराम मरकाम, अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# शिक्षकों की व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, दौड़ में वल्लभ रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ केशकाल



### विजेताओं को किया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार की व्यवस्था खण्ड शिक्षा अधिकारी सीएल मंडावी व प्रकाश साहू बीआरसी केशकाल द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपरोक्त सभी वक्ताओं, विजेताओं के अलावा रोशन हिरवानी, श्री टेकाम, सोयेब अली, श्री पाण्डेय आदि का सहयोग सराहनीय रहा ।

बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों, तहसील या विकासखंड मुख्यालय में केवल शिक्षकों के लिए आयोजित प्रतियोगिता का इस वर्ष शुभारंभ प्रिय दर्शनीय स्टेडियम सुरडोंगर में व्यक्तिगत खेल महिला व पुरुष से की गई। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन संभागीय अध्यक्ष घनश्याम सिंह नाग ने किया। इस अवसर पर करवाचौथ व्रत के कारण दो ही महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया । गोला फेंक में प्रथम अनुराधा ठाकुर, द्वितीय सीमा ठाकुर रही। पुरूष वर्ग में गोला फेंक में प्रथम डिगेश्वर सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय तुमारी बेडमा, द्वितीय वल्लभ भाई पटेल सहायक शिक्षक कोहरापारा रहे। 200 मीटर दौड़ में प्रथम वल्लभ भाई पटेल, द्वितीय हुलास ध्रुव, तृतीय डिगेश्वर, नारियल फेंक में प्रथम वल्लभ भाई पटेल, द्वितीय पुरषोत्तम निषाद रहे। कार्यक्रम को श्यामलाल कोर्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षकों के खेल से प्रेरणा लेकर बस्तर का नाम रोशन करने चाहिए। सभा को क्रमशः सुरेश राजौरिया, कैलाश देवांगन, घनश्याम नाग आदि ने भी संबोधित किया। श्री नाग ने कहा कि कोरोना काल में तीन वर्ष आयोजन नहीं होने के बाद भी इस वर्ष के सभी आयोजन को लेकर शिक्षक गण उत्साहित है। मुख्य अतिथि की आसंदी से रोशन जमीर ने कहा कि उम्र के इस ढलते पडाव में जब लोग घर पर बैठकर आराम कर रहे हैं। ऐसे वक्त में शिक्षक साथी इस प्रकार दौड़, गोला फेंक, क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी जैसे खेलों में जौहर दिखाएंगे। इस प्रकार के आयोजनों को सरकार सहयोग करे।

### आपदा पीड़ित वारिसों के लिए 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि दी गई

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 3 प्रकरण में वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा मर्दापाल तहसील के ग्राम कुधुर निवासी महादई कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति फूलचंद कश्यप को, फरसगांव तहसील के ग्राम सिरपुर निवासी चन्दरबती की आग में जलने से मृत्यु होने पर चमरीन, चमरू, आसमती, आशाराम एवं जगमति को, फरसगांव तहसील के ग्राम कारागांव निवासी छेदीलाल मरकाम की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मयाबती मरकाम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए युवतियों का विशेष प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिले की युवतियों को नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन, रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी में विशेष तैयारियां कराई जा रही है। परीक्षा के लिए अभ्यास 30 अक्तूबर तक चलेगा, ताकि जिले की युवतियां शत प्रतिशत सफल हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कोंडागांव डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकित मरकाम द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं सभी युवतियों को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही दिशा और सतत प्रयासों से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप और उससे संबंधित रणनीतियों पर भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। व्याख्याता राजेश पाण्डे एवं अंशु पाण्डे ने भी मार्गदर्शन दिया और उपस्थित युवतियों को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम एवं केकती बर्मन सहित बड़ी संख्या में युवतियां उपस्थित रही।

### सफलता दिलाना उद्देश्य

नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवतियों को न केवल सफलता दिलाना है। बल्कि उन्हें भविष्य में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करना है। यह पहल जिले में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# पर्यटन की आड़ में तस्करी, तीन लोगों से 4.78 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



### ओडिशा के तस्कर ने जगदलपुर में दी थी डिलिवरी

एमपी के सीधी निवासी मुख्य सरगना के कहने पर तीनों तस्करों को जगदलपुर में ओडिशा के तस्कर द्वारा डिलिवरी दी गई थी। जिसे लेकर तीनों आरोपी बस से एमपी जाने की फिराक में थे। लेकिन फ्रेश होने के दौरान पुलिस ने तीनों को दबोचकर गिरफ्तार करने में सफल रही। मामले में पुलिस ओडिशा के तस्कर व एमपी के मुख्य सरगना की तलाश कर रही है।

बस्तर में पर्यटक बनकर पहुंचे एमपी के तीन तस्करों से पुलिस ने लाखों रुपए का गांजा जब्त किया है। तीनों बस स्टैंड के करीब शुलभ शौचालय में बारी- बारी से फ्रेश हो रहे थे, तभी बोधघाट पुलिस ने रेड मारकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 4.78 लाख का गांजा जब्त कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम जब नए बस स्टैंड पहुंची तब तीन युवक सुलभ शौचालय में बारी बारी फ्रेश हो रहे थे। टीम द्वारा उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को गुमराह करते हुए स्वयं को पर्यटक बताते हुए बस्तर घूमने आने की बात कही। गांजा बरामद होने के बाद तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सुग्रीम सिंह नेताम उम्र 18 वर्ष10 माह, राजबली सिंह कुसरो 18 वर्ष 20 दिन तथा योगेश सिंह कुसरो 18 वर्ष 3 माह तीनों निवासी ग्राम ठाड़ी पथर थाना कुसमी जिला सीधी मध्यप्रदेश का निवासी होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 47 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 78 हजार 260 रुपए आंका गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

■ शौचालय में हो रहे थे तैयार, तभी पुलिस ने दबोचा

# कनगलतोंग के जंगल में हुई मुठभेड़, घायल साथियों को लेकर भागे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र स्थित कनगलतोंग के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के घायल होने की खबर है। जिन्हें उनके साथी साथ में लेकर भागने में सफल रहे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि गुरुवार को नक्सलियों की कोंटा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी व बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम ग्राम कंगालतोंग, मैलासुर, बुर्कलंका व गच्चनपल्ली दंतेशपुरम क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार सुबह ग्राम कंगालतोंग से लगे जंगल-पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू की गई। जवानों ने भी तत्काल मोर्चा संभाल जवाबी फायरिंग की गई। दोनों ओर से रूक रूककर फायरिंग होती रही। इसी बीच पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेकर भागने लगे। बताया जा रहा है कि गोली बारी में दो नक्सली घायल हुए जिन्हे उनके साथी लेकर भागने में सफल रहे। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सल सामग्री व अन्य सामान बरामद किया है। मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित है तथा इलाके में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

# 2 करोड़ के नाली निर्माण में महापौर की भूमिका संदेह के दायरे में : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




राजीव भवन में प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि महापौर सफीरा साहू के कार्यकाल में शहर के अनेक वार्डों में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। नाला निर्माण की स्वीकृति चंद्रशेखर वार्ड का और कार्य का नक्शा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का बना हुआ है। इस बात का प्रमाण है कि इस नाला निर्माण में जनता के 1 करोड़ 99 लाख रुपए पानी में बह गए। बिना किसी कार्ययोजना और एमआईसी में प्रस्ताव लाए किस नियम के तहत महापौर यह निर्माण करवा रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का हल नहीं निकलेगा तो कांग्रेस पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव कर उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। निगम में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने कहा कि महापौर राजनीतिक द्वेषपूर्ण भावना से कार्य कर रही है। बिना किसी जांच व बिना निजी भूमि मालिकों के सहमति से नाला निर्माण की स्वीकृति कैसे प्रदान की गई है। अगर ली गई है तो उक्त निर्माण की सहमति पत्र क्यों नहीं पेश किया गया। पूर्व में भी विद्याज्योति स्कूल से चित्रकोट रोड के नाला निर्माण में कार्य किया गया था परंतु यहां पर भी बिना किसी भूमि मालिक के सहमति के बगैर नाला निर्माण का कार्य किया गया था।

## पेज 9 के शेष

### चबेला पंचायत सचिव...

पूरी घटना की रिपोर्ट माँगा और जनपद पंचायत के द्वारा दिए गए प्रस्ताव के तहत जिला पंचायत सीईओ ने 26 सितंबर 2024 को पंचायत सचिव निधि राजपूत का स्थांतरण चबेला से भानबेड़ा कर दिया गया था। इसके उपरांत गाँव के दूसरा ग्रुप सक्रिय हो गया और उसी के चलते एक महीने बाद 21 अक्टूबर को स्थांतरण आदेश को निरस्त करते हुए पंचायत सचिव की पदस्थापना को यथावत कर दिया गया। चक्काजाम पर डटे ग्रामीणों का कहना था कि जनपद पंचायत की रिपोर्ट पर सचिव को हटाया गया था और एक माह बाद फिर से उसे यथावत कर दिया गया है। जाँच टीम ने सचिव को दोषी पाया था, इसीलिए उसे हटाया गया था। ग्रामीणों का कहना था कि इस मामले में भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधियों व संगठन के लोग सचिव की मदद कर रहे है, उनके चेहरे भी जल्द उजागर किए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना था कि जिम्मेदारों को सहीं के साथ खड़ा होना चाहिए, गलत का साथ नहीं देना चाहिए।

### नाकाबपोश ने दुकान...

कैमरे की जाँच किया और वीडियो फुटेज लेकर गए। चोरी हुए दो पहिया वाहन की कीमत लगभग 40 हजार रूपएं होगी। शहर में चोरो का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर खड़े वाहनों की चोरी करने से भी नहीं डर रहे है। पुलिस अपने माध्यम से चोर के हुलिया के हिसाब से चोर की पहचान करने में जुटे हुए है।दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### होटल और मिष्ठान...

जायसवाल प्रोविहजन स्टोर्स भानुप्रतापपुर अभिषेक जायसवाल से एवरेस्ट धनिया मसाला, निलांस चिकन मसाला गुजराती पापड, विकोजी चनाचुर, लाल गुलाब सरसों तेल कीमत 3660 रुपएं, जैन एजेंसी भानुप्रतापपुर हल्दीराम रोस्टेड चना 1320 रुपएं, राजस्थान किराना स्टोर भानुप्रतापपुर पारले हाइड एंड सीक अनमोज टम्मी, नेचुरल टोस्ट, वाग बकरी चाय 2690 रुपएं, अरिहंत सुपर मार्केट भानुप्रतापपुर सुंदर तिल्ली टोस्ट चिंगस हाट गारलिक 480 रुपयें आशीर्वाद प्रोविहजन स्टोर्स 12776 रुपएं कुल 30 हजार रूपएं की एक्सपायरी खाद्य सामग्री जप्त किया गई। कांकेर में जय हिंद होटल से मलाई बर्फी, जैन मिष्ठान से पनीर, केसर पेड़ा नेकी हसन से मथुरा पेड़ा, जय हिन्द रेस्टारेंट पनीर, राजस्थान स्वीटस से बादाम बर्फी का नमूना जांच के लिए लिया गया एवं होटल रुबारु जायका से 5 किग्रा पुराना मटन, दाल पका 5 किग्रा काबुली चना, उबला 2 किग्रा., रसगुल्ला 1 किग्रा., मछली 3 किग्रा. खराब पाई गई, जिसे मौके पर नष्ट किया गया एवं वेज एंव नानवेज अलग अलग नही रखने के लिए नोटिस दिया गया। राखी त्यौहार में लिए गए खाद्य नमूना में जैन मिष्ठान कांकेर के खोवा, राजस्थान स्वीट्स कांकेर के पेड़ा, दुर्गेश रेस्टारेंट चारामा बर्फी, गुलशन होटल भानुप्रतापपुर के रसगुल्ला, आजाद होटल भानुप्रतापपुर के पनीर एवं श्री तारकनाथ मिष्ठान भंडार के चमचम के नमून अमानक पाए गए, जिसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधियिम 2006 के तहत एडीएम न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही भानुप्रतापपुर के गणपती होटल से 1 नग, दसरु बिरयानी सेंटर 2 नग, प्रभु होटल 2 नग, आजाद होटल से 1 नग, गोपाला स्वीटस से 1 नग एवं कांकेर में लक्ष्मी रेस्टारेंट से 2 नग, दुर्गा मारवाड़ी होटल से 1 नग, राजेश होटल से 2 नग कुल 12 घरेलू सिलेंडर पर कार्यवाही की गई। मापतौल विभाग द्वारा जैन मिष्ठान, मां दुर्गा मारवाड़ी भोजनालय, गुरुनानक बेकरी, एवन बेकरी, जय हिन्द होटल, राजस्थान स्वीट्स, नेकी हसन स्वीट्स में व्यापारियों द्वारा पूर्व से पैक वस्तु के संबंध में घोषणाओं का पालन नही करने पैकर पंजीयन नही लेने, असत्यापित तौल उपकरण, विनिर्दिष्ट मात्रा से कम तौल की मिठाई के संबंध में प्रकरण दर्ज किया गया।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक...

किया गया। उन्होंने बताया कि जिले की कुल 13 स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है एवं 38 अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का नामांकन किया गया है, जिनमें से 10 स्वास्थ्य संस्थानों, 09 उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं 01 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का मूल्यांकन 11 नवंबर तक राष्ट्रीय टीम द्वारा पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। इन संस्थानों का 11 नवंबर को मूल्यांकन होने के बाद फिर से नई रिपोर्ट तैयार होगी, अभी तक आई रिपोर्ट की मानें तो राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम में कांकेर जिला दूसरे स्थान पर है, जो जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। मूल्यांकन के दौरान एनसीडी सलाहकार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लखन जुर्री, जिला स्तरीय टीम से रॉबिन चरण, डीपीएचएन से डॉ. योगेश प्रजापति एवं ब्लॉक स्तरीय टीम का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### करेली बड़ी में सुआ नृत्य स्पर्धा 30 को

**मगरलोड।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली बड़ी में छत्तीसगढ़ की पारम्परिक सुआ नृत्य का आयोजन हाई स्कूल मैदान में धनतेरस के दिन 30 अक्टूबर को आयोजित की गई है। जिसमें आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरुस्कार 5001, द्वितीय इनाम 3001, तृतीय इनाम 1501, चतुर्थ 1001, पंचम इनाम 501 रुपये है। इसी तरह एकल/युगल नृत्य में प्रथम 1001, द्वितीय 801, तृतीय 601, चतुर्थ इनाम 401, पंचम इनाम 201 रुपये है। इसके अलावा आयोजक समिति द्वारा अन्य पुरुस्कार दिया जायेगा। बेस्ट वेशभूषा ग्रुप 151, बेस्ट संगीत ग्रुप 151, बेस्ट वेशभूषा एकल/ युगल 101, बेस्ट संगीत 101 रुपये रखा गया है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए खुमेंद्र साहू, दानेश्वर सिन्हा, मिथलेश सिन्हा से संपर्क किया जा सकता है।

### दुगली स्कूल में शहीद निर्मल को किया याद

**सांकरा।** पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद निर्मल नेताम को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि शाउमावि दुगली से शिक्षा प्राप्त शहीद आरक्षक निर्मल नेताम पिता स्व. मोहन नेताम निवासी कौहाबाहरा थाना दुगली जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर कार्यरत थे। 18 मार्च 2017 को जिला दंतेवाड़ा के ग्राम बुरगुम के डोरेपारा में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गये। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर शाला प्रांगण में जवान की शहादत को नमन किया गया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने एवं पुलिस सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ललित सोम, वरिष्ठ शिक्षक अजय ग्वाल, शैलेन्द्र कौशल, राजेंद्र नेताम, गिरधर, दुष्यंत नेताम, पवन साहू, शिक्षिका भावना सोरी, वर्षा रंगारी, रूपा यादव, कौहाबाहरा थाना के प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दीक्षित व अन्य आरक्षक उपस्थित थे।

### प्रिया को मिला समता साहित्य भूषण सम्मान

**मगरलोड।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छग राज्य एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी के संयुक्त तत्वावधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन गोंडवाना भवन धमतरी में किया गया। इसमें राजिम अंचल की युवा साहित्यकार सुश्री प्रिया देवांगन को उनके बाल साहित्य, लघुकथा, कहानी लेखन एवं काव्य रचनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर समता साहित्य भूषण की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। उनकी रचनाएं भारत के विभिन्न राज्यों सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि यह संस्था विगत 40 वर्षों से अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान करती आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण, विशिष्ट अतिथि शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छग के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, श्रीमती मीना भारद्वाज अध्यक्ष शिकप्र अकादमी एवं श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि थे।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर,
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

**शपथ-पत्र**

मैं विनोद कुमार भास्कर पिता- अगरसिंह भास्कर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम- धनोरा तहसील सरोना जिला कांकेर छ.ग. सत्यनिष्ठा पूर्वक निम्न कथन करता हूं-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं।
02. यह कि पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सहीं नाम लीना भास्कर पिता विनोद कुमार भास्कर है जो कि सही व सत्य है।
03. यह कि मेरे पुत्री के सुकन्या योजना अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरोना के पासबुक में मेरी पुत्री का नाम लवलीना भास्कर अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
04. यह कि उक्त बैंक पासबुक में त्रुटिपूर्ण नाम लवलीना भास्कर को विलोपित करते हुए उसके स्थान पर सही नाम लीना भास्कर अंकित करने बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की लेख कंडिका 01 से 04 में वर्णित तथ्य मेरे निजी ज्ञान में सही व सत्य है आज दिनांक 24/10/2024 को स्थान कांकेर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं ।

सत्यापनकर्ता

चंदनबाहरा, फरसगांव, ठोठाझरिया, बिरनासिल्ली पहुंचकर की लोगों से रू-ब-रू चर्चा, योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

# कलेक्टर ने बाइक पर सवार होकर वनांचल क्षेत्र का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज वनांचल क्षेत्र नगरी के दूरस्थ ग्राम चंदनबाहरा, फरसगांव, ठोठाझरिया, बिरनासिल्ली का मोटर सायकल पर सवार होकर दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने इन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा की और फसल चक्र परिवर्तन के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ी को पानी की कमी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए हमें गिरते हुए



भूजल स्तर को ध्यान में रखकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना है।

कलेक्टर ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए फसल चक्र परिवर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले आप सभी दलहन, तिलहन और नगदी फसल लें। इसके लिए कलेक्टर ने जिले के परसतराई और रावां आदि गांवों



के किसानों का उदाहरण भी दिए, जिन्होंने स्वप्रेरणा से फसल चक्र परिवर्तन को अपनाया और भूजल स्तर बढ़ाने में सहभागी बनें। इस दौरान आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवास, सड़क और स्कूल का मुआयना किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मानस प्रथमाक्षरी में जीजामगांव प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

छग प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव के शिशुवर्ग में कक्षा चतुर्थ में अध्ययनरत एकता, हार्दिक, केजल पटेल ने मानस प्रथमाक्षरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में चितरेखा, हर्ष पाले, नेहा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम को गौरांवित किया।

इस उपलब्धि पर सभी आचार्य डिगेश्वर पटेल, हेमा साहू, इंदिरा साहू, यशोदा साहू, फलिता साहू, तुलसी निषाद, मनीषा निषाद, बिंदु




साहू और अंगीता यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

मानस प्रथमाक्षरी के छात्र 23 से 25 अक्टूबर तक क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया।

## हिन्दू जागरण मंच की सिर्वे में युवाओं के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

गुरूवार को हिन्दू जागरण मंच धमतरी द्वारा ग्राम सिर्वे(भखारा मंडल) में हनुमान चालीसा पाठ के पावन अवसर पर जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरूषोतम निषाद द्वारा बैठक लेकर हिन्दू जागरण मंच के प्रमुख आयाम एवं उद्देश्य हिंदुओं को जागृत करना, संगठित करना, सक्रिय करना इन लक्ष्यों को लेकर ग्राम सिर्वे के आत्मीय युवाओं को कर्तव्य का बोध कराकर दायित्व दिया गया।

इस अवसर पर गांव के प्रमुख बंधुगण पिंकेशवर साहू, खिलेश्वर



चक्रधारी, टीकम निषाद, सोनजीत साहू,संजय साहू, चंद्रहास यदु, गौरव साहू, यज्ञेंद्र साहू, प्रवीण निर्मलकर, पेमन साहू, पवन निर्मलकर, परमेश्वर साहू,यशंवत साहू आदि उपस्थित थे।

हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी गण रंजीत साहू(प्रांतीय) जनेंद्र शर्मा, इंद्रेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, नगर संयोजक धमतरी उमेश साहू, सहसंयोजक अर्पित बैसवाड़ा अन्य पदाधिकारी आशीष शर्मा, सुनील सोलंके, टाकेश साहू, रत्नम सोनी, मन्नू चंद्राकर, नगरी से हितेंद्र सिन्हा मासूम खरे, संतराम साहू , गगन नेताम, वासुदेव यादव, आदित्य ताम्रकार, रौनक खनूजा, विपिन सोनी, रूपेश साहू, नरेंद्र साहू, उदित नारायण ध्रुव, लगातार जिले में समाज को जागृत कर संगठित करने के लिए जागरण अभियान चला रहे हैं।

## अंवरी स्कूल में त्रैमासिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि अवरी में कक्षा 9वी से 12वीं तक मिशन अव्वल के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा परिणाम प्राचार्य पीएन साहू की उपस्थिति में परीक्षा प्रभारी केशवलाल यादव द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 12वीं में प्रथम नोमिन 73%, द्वितीय दीपक 72%, 11वीं प्रथम उत्तम साहू 89.7 %, द्वितीय डीगेश धीवर 89.5%, कक्षा 10वीं प्रथम काजल 83%, द्वितीय तमन्ना 64%, कक्षा 9वी से महिमा 87%, द्वितीय ईशा 83% के साथ उत्तीर्ण हुए। जिन्हें संस्था प्रमुख व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुरष्कृत किया गया। यह जानकारी लालबहादुर साहू ने दी है ।

## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा उपवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम दरगहन सहित आसपास के महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवाचौथ व्रत का त्योहार मनाया गया जिसमें महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखा और शाम को अपने पति और चंद्र का दर्शन कर अपना व्रत तोड़ा। श्री चुनेश्वर यादव ने बताया कि उनके पत्नी हर साल करवा चौथ का उपवास रखती हैं और अपनी सास ससुर को वस्त्र दान करती हैं और आशीर्वाद लेती हैं।

## फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो अधिकारी रेणु पाटले के नेतृत्व में ग्राम कातलबोड़ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने ग्रामवासियों को फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत जल संरक्षण की स्थाई व्यवस्था के रूप में ग्राम पंचायत की सहायता से शिविरार्थियों द्वारा सोखता गड्ढों के निर्माण एवं नली निर्माण में श्रम दान दिया गया। ग्रामवासियों को प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक के द्वारा उन्हें समझाया गया कि सोखता गड्ढा न केवल वर्षा जल का संचयन करता है, बल्कि भू– जल स्तर को भी बनाए रखने में सहायक होता है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में हर दिन ग्राम संपर्क के दौरान शिविरार्थियों ने घर घर जा कर ग्राम वासियों को फसल चक्रीकरण का महत्व समझाते हुए सर्वे भी किया। जिससे पता चल सके कि क्या ग्राम में फसल चक्रीकरण अपनाया जाता है या नहीं। साथ ही ग्रामवासियों को समझाया गया कि फसल चक्र परिवर्तन से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और पैदावार में वृद्धि



होती है तथा विभिन्न प्रकार की फसलों की बुआई से भूमि में पौष्टिक तत्वों का संतुलन बना रहता है। इससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्त, डिजिटल साक्षरता, महिला सुरक्षा एवं कानून, योग जैसे विभिन्न विषयों पर ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास भी किया।

## भोलाराम की बाल कहानी छेरछेरा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

एससीईआरटी एवं रुम टू रीड इंडिया छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन न्यूसर्किट हाउस रायपुर में किया गया। बाल कहानी छेरछेरा लिखने पर कहानीकार भोलाराम सिन्हा ग्राम डाभा, विकासखंड मगरलोड, जिला धमतरी निवासी ,शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। युवा कहानीकार का यूएसएआईडी, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, रूम टू रीड इंडिया द्वारा चयनित श्री सिन्हा की बाल कहानी छेरछेरा को प्रकाशित कर समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन




व रूम टू रीड इंडिया द्वारा इस छेरछेरा बाल कहानी को चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जाएगी। श्री सिन्हा के अनुसार बाल कहानियाँ बच्चों में आत्मविश्वास व सृजनशीलता बढ़ाती है। इस कहानी के चित्रों को चित्रकार भार्गव कुलकर्णी ने बनाया है।

इस अवसर पर रुम टू रीड के प्रोग्राम ऑपरेशन डायरेक्टर डॉ भाग्यक्ष्मी बालाजी, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा,




उपसंचालक एससीईआरटी से पुष्पा किस्पोट्टा यूएसएआईडी से डॉ पूनम स्मिथ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से कपिल शर्मा, सुश्री रागिनी सिंह, डाइट कोरिया से अनिल बंजारे, मुकेश रुम टू रीड मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विधायक ने डोड़की में टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत डोड़की में विधायक ओंकार साहू ने देवांगन समाज की मांग पर टीन शेड की घोषणा की थी। इसका भूमिपूजन कर बुधवार को कार्य की शुरुआत की गई। विधायक निर्वाचन होने के बाद श्री साहू लगातार क्षेत्र में दौरा कर लोगों के मांगों के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं । इस दौरान देवांगन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा टीन शेड की मांग रखी गई थी। जिसे धमतरी विधायक ओंकार साहू ने सहज स्वीकार कर पूरा किया। श्री साहू ने कहा आप लोगों की मांग पूरी कर के उन्हें आत्मिक खुशी हो रही है। विधायक ने कहा कई धार्मिक व



सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। बरसात व तेज धूप निकल आने से बाधा उत्पन्न होती रही हैं। लेकिन अब परेशानी नहीं होगी। अब सभी कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हो पाएंगे। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में धमतरी विधायक के साथ महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, सरपंच प्रदीप सिन्हा, जीवराखन देवांगन जोन अध्यक्ष, भोलेनाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष देवांगन समाज, अश्वनी सिन्हा, नोमेश सिन्हा, मनीलाल देवांगन अध्यक्ष अछोटा मण्डल, रामरतन देवांगन, सोहन देवांगन, योगेन्द्र देवांगन, योगेश्वर देवांगन, संतोष देवांगन, भीम देवांगन, दुलारू राम ध्रुव, ईश्वर सिन्हा, मुरार बांधे, प्रदीप ध्रुव, श्रीराम सिन्हा, रामभरोसा साहू, किसन सिन्हा साथ में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### नेत्रहीन कलाकारों की भजन संध्या ने मनमोह लिया



**कांकेर।** जन सहयोग के द्वारा नवरंगपुर उड़ीसा के नेत्रहीन कलाकारों द्वारा 24 अक्टूबर को पुराने बस स्टैंड में प्रस्तुत भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुराने बस स्टैंड में 9 नेत्रहीन किंतु श्रेष्ठ कलाकारों ने शानदार तरीके से पेश करते हुए समां बांध दिया। श्रोताओं की मांग पर संध्या को प्रारंभ यह कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम ने कलाकारों की प्रशंसा किया और अपने गृह ग्राम बेवरती में भी संगीत संध्या प्रस्तुत करने की बात कही। जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि नेत्रहीन लोगों में संगीत के प्रति कुशलता भगवान की देन होती है। हमने इनकी विलक्षण प्रतिभा का सम्मान किया है और भविष्य में भी ऐसे ही कलाकारों का सम्मान एवं प्रोत्साहन करते रहेंगे।

### रासेयो शिविर में मुनगाडीह पत्रिका का हुआ विमोचन



**कांकेर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का रासेयो शिविर मुनगाडीह में चतुर्थ दिवस में सभी स्वयंसेवकों ने प्रातः प्रभात फेरी कर योग व्यायाम से दिन की शुरुआत किया। परियोजना कार्य के तहत जंगलपारा मोहपुर में सार्वजनिक स्थानों पर साफ - सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। बौद्धिक परिचर्चा में पीजी कॉलेज से मनोविज्ञान की प्राध्यापिका डॉ. अल्का केरकेट्टा ने स्वयंसेवकों को तनाव प्रबंधन, आत्महत्या की प्रवृत्ति के रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सुझाव दिया गया। पूर्व दिवस की हुई संपूर्ण गतिविधियों का लेखा-जोखा, संपादक एवं संपादिका डेमन नेताम एवं तनु पांडे द्वारा अतिथियों से मुनगाडीह पत्रिका का विमोचन कराया गया। कार्यक्रम श्रद्धा पवन सेन उपस्थित रही।

### विधायक नेताम ने दिव्यांग लड़की की आर्थिक मदद की



**कांकेर।** विधायक आशाराम नेताम ने विधायक निधि जनसंपर्क निधि के तहत जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम ने 12 वर्षीय दिव्यांग लड़की के परिजन अमर सिंह नेताम को 15 हजार रूपएं की आर्थिक सहायता प्रदान किया है। इस सहायता से न केवल लड़की की चिकित्सा जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि उसके परिवार को भी एक नई उम्मीद मिलेगी। जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों के बीच इस पहल को साझा किया, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी और संतोष का माहौल देखा गया। उन्होंने बताया कि समाज के कमजोर वर्ग के लिए सरकार हमेशा तत्पर है और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

### सैनिकों से सर्विस विवरण जमा करने की अपील

**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला ने बताया कि सेवारत सैनिकों का कार्य विवरण तैयार किया जा रहा है, ताकि उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। जिले के जिले के सभी सेवारत सैनिकों थलसेना, जलसेना एवं वायुसेना तथा उनके परिवारों को स्वयं की जानकारी कार्यालय में जमा करवाने का आव्हान किया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**बैठक : टैलीमेडिसिन के लिए पृथक कक्ष की व्यवस्था करने पर हुई चर्चा**

# आजीविका मिशन महिला लखपति पहल की समीक्षा, दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को विभिन्न आजीविका स्त्रोत से जोड़कर महिला को लखपति बनाने की पहल की जा रही है। महिला लखपति पहल की समीक्षा एवं संबंधित कार्ययोजना पर चर्चा करने के लिए विकासखंडस्तरीय कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक 25 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यलय में सीईओ सुरेंद्र बंजारे की अध्यक्षता में हुई।

आयोजित बैठक में टैली मेडिसिन के लिए कक्ष की व्यवस्था पर चर्चा के अलावा सीएलएफ स्तर पर मेडिकल कैंप की प्रगति की समीक्षा हुई। समूह से जुड़ी महिलाओं की हेल्थ चेकअप के लिए एफएनएचडब्ल्यू और मितानिन हेल्थ वर्कर्स के साथ समन्वय स्थापित करे एवं प्रत्येक सीएलएफ़ से मीटिंग कर के हेल्थ कैम्प काआयोजन करेंगे। महिलाओं में एनीमिया, कुपोषण से ग्रसित बच्चे, गर्भवती दीदी की प्रगति पर चर्चा किया। प्रत्येक महीने सीएलएफ की बैठक के समय एक जागरूकता शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया। एसएचजी आधारित किसान उत्पादक संगठन पलाचुर महिला उत्पादन संगठन से समन्वय स्थापित करके कार्य करने की बात बताया। लखपति परिवार को सहयोग के लिए पशु सखियों के साथ मिलकर लखपति परिवारों को लाभ पहुंचाना का निर्णय लिया गया। आरएईओ और सीएलएफ के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करना, कृषि लक्ष्यों को सीएलएफ के साथ साझा करने का निर्णय लिया गया। जैविक खेती मिशन में एसएचजी महिलाओं को प्राथमिकता देना का निर्णय लिया गया।

पेडावारी और राहुरवाही में एसएचजी द्वारा किए जा रहे लाख उत्पादन के प्रसंस्करण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, मिलेट्स बेकरी यूनिट के संबंध में योजना बनाना और उसे एनआरएलएम के सहयोग से कार्यान्वित करना, नीति आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत सूचीबद्ध एसएचजी महिलाओं के कार्य को प्राथमिकता देना, ट्री गार्ड लगाने वाले एसएचजी का भुगतान करना, मनरेगा कार्यों से संबंधित एसएचजी के आवेदनों को प्राथमिक स्तर पर स्वीकृति देना, आवास मित्र की रिक्तियों में एसएचजी महिलाओं को प्राथमिकता देना, अनुभव के आधार पर एसएचजी सदस्यों को आवास योजना में प्राथमिकता देना, एसएचजी से जुड़ी महिलाओं के किए गए कार्य का भुगतान करना, उचित टूल किट प्रदान करना और उसके उपयोग को अनिवार्य बनाना, टूटी-फूटी रिक्शाओं की मरम्मत कराना, प्रत्येक ग्राम पंचायत से वीपीआरपी योजनाओं को जीपीडीपी में जोड़ना और पोर्टल पर प्रविष्टि करने का निर्णय लिया गया। सचिव और सरपंचों को एसएचजी मांगों और प्राथमिकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण देना, रबी की योजना पर चर्चा और एसएचजी महिलाओं के लिए सीएलएफ स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन करने पर चर्चा किया गया। आयोजित बैठक में नंदनी दीवान, रिगबती वट्टी, प्रीति गंजीर, सुधीर यादव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी व महिला समूह उपस्थित रहे।

## केवटिनटोला में जल जीवन मिशन कामयाब हर घर पहुंचा पेयजल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

केंद्र सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत कांकेर जिले के ग्राम केवटिंनटोला में सभी घरों में नल से जल प्रदाय करने की मुहिम में नल जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। इसी तारतम्य में केवटीनटोला में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच राम चरण नायक, ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से सहायक अभियंता राजेश हिरकने द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दिया गया और योजना को सुचारू रूप से चलाने हेतु ग्रामवासियों को कहा गया। समिति के सभी सदस्यों को योजना संचालन-संधारण के सम्बन्ध में पंप ऑपरेटर एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की जिम्मेदारियों के संबंध में, आवश्यक जानकारी दी गई एवं जिला समन्वयक निशा वामन के द्वारा योजना को सुचारू रूप से चलाने हेतु ग्रामवासियों की सहमति से जल कर तय किया गया। ग्राम सभा में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के तहत पानी का सीमित मात्रा में उपयोग करने, जल बचाव, किचन, गार्डन जैसे विषयों पर चर्चा की गई और उन्हें जागरूक किया गया। ठेकेदार द्वारा ग्राम केवटिंनटोला ग्राम में जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक किरण यादव, जिला समन्वयक ज्योति शांडिल्य,ठेकेदार,जल नमूना संग्रहण कर्ता,ग्रामवासी एवं विभागीय कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित हुए।

## मां और भाभी से मारपीट की युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम खूटगांव में आरोपी देवर ने अपनी माँ और भाभी को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया। आरोपी द्वारा आए दिन शराब के नशे में घर वालो को गाली देता था। घर वालो के समझाने के बाद भी वह अपनी आदते नही सुधार रहा था। पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंची खूटगांव निवासी 42 वर्षीय प्रियंका चतुर्वेदी पति चन्द्र प्रकाश चतुर्वेदी ने पुलिस को बताया कि मेरे देवर रवि प्रकाश चतुर्वेदी आए दिन शराब पीकर घर आते है और गाली गलौज करते है। मेरे पति चन्द्रप्रकाश के साथ कई बार मारपीट कर चुका है। परिवार वालो के द्वारा आरोपी रवि प्रकाश को शराब पीने से और घर आकर गाली देने से मना करते हुए कई बार समझाईस दिया गया है, लेकिन वह अपनी आदतों को नही सुधार रहे है। घर में 24 अक्टूबर को थी और सास का पैर दबा रही थी, तभी रात 8 बजें मेरा देवर आरोपी रवि प्रकाश घर आया। खाना खाने के लिए बोली तो नहीं खाऊंगा कहा। सासु मां भानमति ने भी रवि प्रकाश को खाने के लिए बोली तो मुझे और सासू मां को गाली देने लगा। पुलिस वाले मेरा क्या कर लेगा, जाओ मेरे नाम से रिपोर्ट करो, देखता हूं मेरा कोई क्या कर सकता है, कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। घर में बने चांवल रोटी सब्जी को फेंक दिया। पीड़िता की शिकायत पर दुर्गुकोंदल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बालक छात्रावास के छात्रों ने सहायक संचालक पर लगाया मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीएमटी बालक छात्रावास के छात्रों ने सहायक संचालक व उनके अन्य दो कर्मचारियों पर छात्रावास परिसर में छात्राओं के साथ गाली देने व मारपीट एवं छात्रावास से बाहर निकालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अजाजा थाना में एफआईआर करने का आवेदन दिया है। समाचार लिखे जाने तक अपराध दर्ज नहीं हुआ है।

छात्रों के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है कि नवीन पीएमटी बालक छात्रावास कांकेर में 17 अक्टूबर गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे सहायक आयुक्त कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक अपने स्टॉफ के साथ छात्रावास परिसर में पहुँची और पूछा कि आप लोगों की क्या क्या समस्याएं है। आप लोग बार बार आफिस में आकर बार बार माँग करते रहते है। ऐसा कहते हुए कई प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए उक्त बात को कहीं भी बताने पर छात्रावास से बाहर निकालने की धमकी दिया गया, जिससे हम छात्रावास के सभी छात्र भयभीत एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित है, जिस कारण हम उक्त घटना की शिकायत तुरंत न करके 22 अक्टूबर को शिकायत अजाजा थाने में किया है। हरिभूमि के पास छात्रावास संघ के मीडिया प्रभारी बैथनाथ सलाम ने उक्ताशय जानकारी दिया है, उनका कहना है कि थाने में आवेदन देने के उपरांत पुलिस ने पूछताछ किया है, परंतु अभी तक अपराध दर्ज नहीं हुआ है।

इस विषय पर हरिभूमि ने सहायक संचालक से संवाद किया, उनका कहना था कि जाँच के लिए छात्रावास जाते रहते है, परंतु आप जो बता रहे है, इसके बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है।

## राष्ट्रीय किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी के लिए 40 कृषकों का दल रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी रायपुर के लिए क्षेत्र के किसानों एवं कृषि विभाग के स्टॉफ सहित कुल 40 कृषको को जनपद अध्यक्ष अरुण मरकाम, कृषि सभापति संतोषी सिन्हा, सत्कार पटेल जनपद सदस्य एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष नारायण सोनकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक एवं प्रदर्शनी के माध्यम से जागरूक करने एवं नवाचार के उद्देश्य से भ्रमण करवाया गया। साथ ही एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत राज्य के अंदर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि महाविद्यालय रायपुर में डॉ. अनिल नेताम सहायक प्राध्यापक कृषि महा विद्यालय कांकेर के द्वारा आईएफएस मॉडल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया एवं रसायन मुक्त खेती अंतर्गत वार्मि कम्पोस्ट बनाने की विधि एवं फील्ड विजिट के माध्यम से किसानो को प्रशिक्षित किया गया। पौध संवर्धन तकनीक छत्तीसगढ़ जिंक धान, संजीवनी धान मधुराज धान के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत किसानो को राष्ट्रीय किसान मेला इन्दिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में लगाए गए विभिन्न इंस्टाल निजी बीज कंपनी, कृषि अभियांत्रिकी, खाद कंपनी, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मधु मक्खी पालन, कृषि उत्पादन विक्रय केन्द्र, कृषक खेत पाठशाला का भ्रमण कराया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार सिन्हा, कृषि विकास अधिकारी राजा राम नेताम एवं विभाग के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,आत्मा योजना से गोपाल कृष्ण साहू, किसान मित्र एवं विभिन्न क्षेत्र के किसान उपस्थित रहें।

## अटल टिंकरिंग लैब कार्यशाला शुरू, छात्र होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



सेजेस हिंदी माध्यम जेपरा स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब से संबंधित तीन दिवसीय कार्यशाला रखा गया है। कार्यशाला की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना और तकनीकी कौशल विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य शेख संजाद ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से छात्रों को उनके शैक्षणिक जीवन में नए कौशल सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण दे रहे भौतिकी के व्याख्याता किशन ओगरे का ज्ञान और अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे वे व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। कार्यशाला के पहले दिन छात्रों ने सिंगल-बोर्ड माइक्रोकंट्रोलर-आर्डुइनो के बारे में सीखा और इसके माध्यम से विभिन्न उपकरणों जैसे एलईडी, बजर, डीसी मोटर आदि को कोडिंग की सहायता से कैसे संचालित किया जाता है, इसके बारे मे जाना। छात्रों को विभिन्न विज्ञान मॉडल बनाने की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। आने वाले दिनों में भी विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्रों को सेंसर और ऑटोमेशन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। यह कार्यशाला स्कूल के शैक्षणिक कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में लाभ मिलेगा। कार्यशाला के दौरान स्वदेश शुक्ला, शशि तारक, बलराम जुर्री, रितु ओटी, रेणुका साहू, बलराम टंडन, योगेश साहू, तुलसीदास टांडीया, दिलीप साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### कोसा वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण आवेदन 11 तक आमंत्रित

कांकेर। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के लिए अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण कोसा केन्द्र जगदलपुर में निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ कोसा वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण के लिए 11 नवम्बर तक मौका है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास के कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि कोसा वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण अवधि 04 माह की होगी। प्रशिक्षण अवधि पर मासिक शिष्यवृत्ति तीन हजार रूपए देय होगा तथा निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय तक आवेदन पत्र प्राप्त जमा किया जा सकता है।

## चार प्रकरणों में चार-चार लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और तालाब में डूबने से मौत हो जाने के 4 प्रकरणों के लिए मृतकों के निकटतम आश्रितों को 16 लाख रुपएं की सहायता राशि स्वीकृत की है। पखांजुर तहसील अंतर्गत ग्राम घोड़ागांव की 6 वर्षीय रिया गावड़े की सर्प काटने से मौत होने पर उनके माता-पिता धनराज गावड़े और रिसो गावड़े को चार लाख रूपएं और ग्राम पीव्ही 130 छोटे कापसी के डेढ़ वर्षीय डिम्पी हालदार की तालाब में डूबने से मौत हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित उमेश हालदार और सुजाता हालदार के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार चारामा विकासखण्ड के ग्राम कुर्रूटोला निवासी 38 वर्षीय बलीराम नेताम की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सरिता नेताम को चार लाख रूपएं तथा ग्राम दरगहन निवासी 44 वर्षीय मनीष जोशी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी चंद्रकला जोशी को चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## कोयलीबेड़ा शिविर की तिथियों में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देश पर शिविर का संशोधित आदेशा जारी हुआ है। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत क्लस्टर छोटेकापसी के ग्राम पंचायत मेण्ड्रा में 28 अक्टूबर को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार क्लस्टर एसेबेड़ा के ग्राम माचपल्ली में 07 नवम्बर को, क्लस्टर बांदे के ग्राम पंचायत उलिया में 20 नवम्बर और क्लस्टर कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत उदनपुर में 06 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने उक्त शिविर में अनुभाग स्तर, ब्लॉक स्तर एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की मांगो व समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए हैं।

## पीएमश्री विद्यालय में ऊर्जा क्लब गठित, हुईं स्पर्धाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 वी से1 2 वी तक के छात्र-छात्राओं का ऊर्जा क्लब गठन किया गया।

विद्यालय के छात्रों ने पोस्टर निर्माण, ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, मॉडल व अन्य प्रतियोगिता भाग लिया और नगर में ऊर्जा बचाओ से संबंधित रैली निकाली। ऊर्जा को बचाना है, देश को आगे बढ़ाना है, चलो चले ऊर्जा बचाए, समृद्धि अपने पास बुलाए जैसे नारे लगाए गए। संस्था के प्राचार्य एसडी दास ने सभी को कहा ऊर्जा की बचत करने के फायदे के बारे में बताया। ऊर्जा की बचत से पर्यावरण प्रदूषण कम होता है और ग्लोबल वार्मिंग को धीमा करने में मदद मिलती है। ऊर्जा की बचत से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है। ऊर्जा की बचत से बिजली का बिल कम होता है। ऊर्जा की बचत से वायु और जल प्रदूषण कम होता है, जिससे लोगों के लिए स्वस्थ रहने का वातावरण बनता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स/फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411